## एक नजर में

### नकली मावा-खोवा बेचने वालो के विरुद्ध करें कार्यवाही : शुक्ला



**सिंगरौली।** आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मिलावटी मावा-खोवा का बिक्रय करने वालो के विरूद्ध दल गठित कर कार्यवाही करने के निर्देशित दिए गए है। विदित हो कि दीपावली सहित अन्य त्यौहारो के दौरान मिलावटी खोवा मावा आदि खाद्य पदार्थो की जॉच किए जाने के लिए एवं बिक्रय करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के लिए कलेक्टर के द्वारा संबंधित क्षेत्रो के उपखण्ड अधिकारियों के साथ-साथ जिला स्तर पर गठित टीमों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लगातार भ्रमण कर मिलावटखोरो के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान आज करेगा क्विज प्रतियोगिता

**सिंगरौली।** पीएम केकेवाई तथा जिला खनिज मद प्रतिष्ठान के क्रियान्वयन के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ऑनलाइन क्विज का आयोजन कल दिन मंगलवर 16 सितंबर को किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के सभी आयु वर्ग के व्यक्ति शामिल हो सकते हैं। क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी प्रातः 9 बजे से रात्रि 12 बजे के मध्य अपनी सुविधा अनुसार दिए गए लिंक अथवा क्यूआर-कोड के माध्यम से कभी भी शामिल हो सकते हैं।

### आईटीआई कॉलेज पचौर में आयोजित होगी प्रतियोगिता

**सिंगरौली।** जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत विद्यालयो व महाविद्यालयो सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओ में वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंधन लेखन, चित्रकाल अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जारी कैलेन्डर के अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 17 सितम्बर को चित्रकला, 23 सितम्बर को वाद विवाद प्रतियोगिता, 26 सितम्बर को निबंध प्रतियोगिता तथा 30 सितम्बर एवं 2 अक्टूबर को स्वच्छता एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### स्वास्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कल से

**सिंगरौली।** महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण हमारे परिवारों समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है। इस परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे पोषण माह की गतिविधियों के अभिसरण व समन्वय से आयोजित किया जायेगा। अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ पीएम द्वारा मध्यप्रदेश से 17 सितम्बर को किया जायेगा।

# जिपं सीईओ को उच्च न्यायालय की फटकार

## उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश का सीईओ ने किया था अवहेलना, प्रभार देने का सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 सितम्बर। जिले की जनपद पंचायत देवसर में पदस्थ सहायक अभियंता अरूण चतुर्वेदी के मामले में उच्च न्यायालय में जिला पंचायत सीईओ को जमकर फटकार लगाई है और आदेश दिया है कि सहायक अभियंता को तत्काल प्रभार दिया जाए।**



गौरतलब है कि 8 जनवरी 2025 को आदेश अनुलग्नक पी-1 दिनांक 21 दिसम्बर 2024 के संचालन व प्रभाव पर रोक लगा दी थी। जिसके तहत संचालक अभियंता एमजीएनआरईजीएस, जनंपद पंचायत देवसर जिला सिंगरौली का प्रभार, याचिका कर्ता, अरूण चतुर्वेदी से लेकर सूरज मिश्रा सहायक अभियंता, आरईएस उप प्रभार देवसर को दिया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा 8 जनवरी 2025 को उक्त आदेश पर रोक लगाने के बावजूद प्रतिवादियों में 13 जनवरी 2025 को एक आदेश पारित कर सूरज मिश्रा को सहायक अभियंता एमजीएनआरईजीएस का प्रभार दिया और याचिका कर्ता अरूण चतुर्वेदी को जनपद पंचायत देवसर के तहत उप अभियंता के रूप में तैनात किया गया। अनुलग्नक आर-6 के रूप में अभिलेख पर रखे गये प्रतिवादियों के उपरोक्त आदेश प्रथम दृष्टिया उच्च न्यायालय द्वारा 8 जनवरी 2025 को पारित स्थगन आदेश का अतिक्रमण करने का कृत्य प्रतीत होना माना है। प्रतिवादियों को निर्देश दिया गया कि याचिका कर्ता को तुरंत सहायक अभियंता एमजीएनआरईजीएस जनपद देवसर के रूप में काम करने की अनुमति दी जाये। उच्च न्यायालय के आदेश को जिला पंचायत सीईओ ने दरकिनार करते हुये मनमानी रवैया अपनाया है।

### दुर्भावनावश कार्यालय में किया गया था अटैच

सूत्रों की बातों पर गौर करे तो सहायक यंत्री अरूण चतुर्वेदी के साथ दुर्भावनावश अधिकारियों ने खेल खेला है। सूत्र बताते हैं कि 19 अक्टूबर 2020 से प्रमुख अभियंता भोपाल के आदेशानुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा देवसर में अनुविभागीय अधिकारी के साथ-साथ जनपद पंचायत देवसर के सहायक यंत्री के प्रभार में थे। लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिंगरौली ने बिना किसी कारण निजी लाभ की आकांक्षा से अरूण चतुर्वेदी को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सिंगरौली में अटैच कर दिया गया। इसके बाद 22 माह में लगातार चार बार आदेश कर अरूण चतुर्वेदी को कहीं भी कार्य नही करने दिया गया। इसके बाद 26 जुलाई 2024 में बरसात के दिनों में पुनः सहायक यंत्री का प्रभार दिया गया और नवम्बर में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सिंगरौली में दुर्भावनावश अटैच कर दिया गया।

### सहायक यंत्री का प्रभार न देकर बना दिया उपयंत्री

सूत्रों की बातों पर गौर करे तो सहायक यंत्री अरूण चतुर्वेदी के साथ सीईओ ने जमकर द्वेषभावना अपनाया है। यही कारण था कि 8 जूनवरी 2025 को उन्हें उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। तब उन्हें उच्च न्यायालय के द्वारा आदेश पर रोक लगाई गई और तब इन्हें सहायक यंत्री का प्रभार न देकर उपयंत्री बनाया गया। जबकि उस समय सूरज मिश्रा को बैढ़न व देवसर के एसडीओ के साथ-साथ देवसर में सहायक यंत्री के रूप में तीन प्रभार के कार्य दिये गये। जबकि अरूण चतुर्वेदी से छः वर्ष जुनियर श्रीरामनारायण पटेल को भी सहायक यंत्री बनाकर रखा गया। जबकि अरूण चतुर्वेदी का प्रभार आदेश भोपाल से था। इसके बावजूद उच्च न्यायालय के आदेश की सीईओ ने अवहेलना की और उच्च न्यायालय ने अवमानना का सीईओ को दोषी माना है।



# आठ दिन से वेतन वृद्धि को लेकर हड़ताल पर सेल्समैन

## सहकारिता समिति महासंघ के बैनर तले धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 सितम्बर। म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के बैनरतले कोटेदार अपनी वेतन वृद्धि को लेकर आठ दिन से कलेक्ट्रेट के सामने अनिश्चित धरना प्रदर्शन पर बैठे हुये हैं।**

म.प्र. सहकारिता समिति के प्रदेश सह सचिव सीता प्रसाद यादव ने बताया कि वेतन वृद्धि की मांग लंबे समय से की जा रही है, मगर विक्रेताओं को केवल आस्वासन मिला है। वर्तमान में हालात यह हैं कि करीब 6 महीने से विक्रेताओं को वेतन नही मिला है, उनकी मांग है कि प्रत्येक महीने निर्धारित तिथि पर विक्रेताओं को वेतन मिले। आगे उन्होंने बताया है कि कोविड के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत वितरित राशन का भुगतान भी अभी तक जिले के विक्रेताओं को नही मिला है। साथ ही शासकीय राशन दुकानदारों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन नही हुआ हैं।

# जियावन पुलिस ने पिकअप में लोड 6 भैसों को कराया मुक्त

## पिकअप वाहन जब्त, वाहन चालक फरार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 सितम्बर। जिले के जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत डोल गांव से आज दिन सोमवार को पिकअप वाहन में लोड छः भैंसों को पुलिस ने मुक्त कराया। वहीं पिकअप वाहन को जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया। बताया जाता है कि वाहन चालक पिकअप वाहन को छोड़कर फरार हो गया।**



इधर जियावन थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर ग्राम डोल में पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडजी 6097 को रोककर पिकअप में निर्दयता पूर्वक रस्सी में बांधकर रखे 6 भैसों को पिकअप सहित कुल कीमती 5 लाख 54 हजार जप्त किया गया। पिकअप वाहन का चालक छोड़कर भाग गया है। जप्तसुदा पिकअप एवं 6 भैसो के साथ थाना वापसी पर अज्ञात पिकअप वाहन चालक के विरूद्ध अपराध धारा 11 पशु क्रुरता अधिनियम 1960 कायम कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में 13 अगस्त को पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडएफ 7407 में 3 नग भैसे जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 11 पशु क्रुरता निवारण अधि. व 1 सितम्बर को वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडबी 0984 में 3 नग भैस धारा 11 पशु क्रुरता निवारण अधि. एवं 9 सितम्बर को वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडजी 2280 में 4 नग भैस धारा 11 पशु क्रुरता निवारण अधि. कायम कर जप्त किया गया था। कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। वहीं जप्तसुदा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडजी 6097 एवं 6 नग भैंसो को सुरक्षार्थ थाना परिसर में रखा गया एवं भैंसो को चारा पानी खिलाया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, उनि यज्ञलाल , सउनि तेजबहादुर , आर दिनेश कुमार, अमित कुमार, खुम , सौरभ कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो चरवाहे सहित आधा दर्जन बकरियों की मौत

## खुटार चौकी क्षेत्र के चितरबई में शाम के वक्त हुई घटना, एक युवक घायल, घर में मचा कोहराम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 सितम्बर। खुटार चौकी क्षेत्र के चितरबई गांव में आज दिन सोमवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से दो चरवाहे सहित आधा दर्जन बकरियों की मौत हो गई। वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।**



घटना के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और इसकी सूचना खुटार चौकी पुलिस को ग्रामीणों ने दी। वहीं घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचा दिया है। जानकारी के मुताबिक चितरबई गांव निवासी मोहनलाल शाह पिता बाबू नंदन शाह उम्र 22 वर्ष, सुमन पटेल पिता गौरी शंकर पटेल उम्र 21 वर्ष एवं गुड्डू पिता गोगल शाह उम्र 32 वर्ष आज दिन सोमवार की शाम भैस व बकरियों को चरा रहे थे। इस दौरान तेज चमक गरज के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ और आकाशीय बिजली गिरी थी, जिसकी चपेट में आने से मोहनलाल शाह और सुमन पटेल की मौके पर मौत हो गई। वही आधा दर्जन से अधिक बकरियों की भी मौत हो गई है। जबकि गुड्डू उर्फ विनोद शाह गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ जुट गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर हृदय विदारक इस घटना की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। रोटी भी लगाते हुए परिजन घटना स्तर पर पहुंचे, जहां सबसे लिपटकर परिजन फूट-फूट कर रोने लगे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों की ओर से परिजनों को शांत बना दिया जा रहा था, लेकिन इस विभत्स घटना का मंजर देखकर परिजन खुद को नहीं रोक पा रहे थे।

# सिंगरौली की दो बेटियों ने जीता स्वर्ण व रजत पदक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 सितम्बर। सुमन गार्डन उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय जम्प रोप प्रतियोगिता में अंजलि चंद्राकर 30 सेकंड एवं तीन मिनट में दो स्वर्ण पदक और अंजली कुमारी रॉय रजत पदक हासिल की कोच स्वेता कुमारी राव जिला जम्प रोप संघ के अध्यक्ष रामनिवास शाह द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिंगरौली जिले की दो बालिका ने हुनर दिखाया।**



म.प्र. जंप रोप संघ के सचिव मुकुंद झाला के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता समापन हुई। सचिव यूसुफ कुरैशी ने बताया कि सुमन गार्डन उज्जैन में 11 से 12 सितंबर तक राज्य स्तरीय जम्प रोप चैंपियनशिप खेली। जिसमें अंजलि चंद्राकर और अंजली कुमारी रॉय ने सिंगल इवेंट में दो स्वर्ण पदक एवं एक रजक पदक उज्जैन पटल पर सिंगरौली का नाम रोशन कर सिंगरौली पहुंचे। अंजलि चंद्राकर और अंजली कुमारी राव इस उपलब्धि पर जिला जम्प रोप संघ अध्यक्ष रामनिवास शाह, रोल बॉल संघ के अध्यक्ष सुभाष रामचरित्र, उपाध्यक्ष असलम अली, जम्प रोप संघ के उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, आशिक रसूल, कृष्ण मुरारी, सभी खेल प्रेमी, खिलाड़ियों को बधाई दी।



# एनसीएल में राजभाषा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 सितम्बर।** एनसीएल में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम में सीएमडी एनसीएल बी साईराम बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल बी साईराम ने हिंदी को दैनिक जीवन और कार्यों में अपनाने व सरल हिन्दी के प्रयोग के लिए आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी आत्मीयता का सेतु हैय इसे सम्मान दें और आगे बढ़ाएँ।

# मध्याह्न भोजन में हो रहा खेल, नौनिहालों की थाली से मीनू गायब

## जांच के नाम पर सिर्फ हो रही कोरम पूर्ति, मामला सरई क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल गड़ई गांव का

नवभारत न्यूज

**सरई 15 सितम्बर। जिले भर में मध्याह्न भोजन के नाम पर भारी खेल चल रहा है। समूचे ईलाको में कभी भी जांच नही होती। समूह मनमानी तरीके से मध्याह्न भोजन चला रहे हैं। नौनिहालों के थाली से मीनू गायब हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की नजर नही पड़ रही है।**



ऐसा ही मामला सरई क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल गड़ई गांव में देखने को मिला है। जिले के शासकीय हाई विद्यालय गड़ई गांव का है। मध्याह्न भोजन की बात हो या फिर बच्चों के विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था की। हर दिन उसमें एक नई गड़बड़ी मिल रही है, लेकिन इसके बाद भी विभाग के अधिकारियों के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है। मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी की वजह चाहे जो हो, नतीजे बच्चों को ही झेलने पड़ते हैं। शिकायत होने पर विभाग के अधिकारी सिर्फ जांच कमेटी गठित कर भूल जाते हैं। जांच पर जांच चलती है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हों पाती। सूत्र बताते हैं कि इसी प्रकार से समस्या गड़ई गाँव के विद्यालय की है, जिसमें समूह अध्यक्ष के द्वारा रोजाना बच्चों को आलू की सब्जी एवं गुणवत्ता विहीन भोजन परोसा जा रहा है। सब्जी के नाम पर रोजाना आलू की सब्जी दिया जाता हैं और दाल की मात्रा कम, पानी की मात्रा ज्यादा लगातार बच्चें खाने को मजबूर हैं, उसमे भी पेट भर भोजन नहीं दिया जाता। मनमानी तौर पर चलाया जाता हैं, समूह में कभी भोजन बनता हैं तो कभी नहीं बनता।

# एनटीपीसी विंध्याचल में राजभाषा पखवाड़ा का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 15 सितम्बर। एनटीपीसी-विंध्याचल में राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन परियोजना के प्रशासनिक भवन सीवी रमन सभागार में हर्षोउल्लास के साथ किया गया।**



राजभाषा अनुभाग द्वारा परियोजना में 14 से 29 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कर्मचारियों, गृहिणियों, स्कूली बच्चों, संविदाकर्मियों एवं नगरवासियों के लिए विभिन्न प्रतियोगितायें जैसे हिंदी हस्तलेखन, कविता पाठ, हिंदी प्रश्नोतरी सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन शामिल है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक एजे राजकुमार, एम सुरेश, एसके सिन्हा, डॉ. बीके भराली सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद हुये। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा नें अपने सम्बोधन में सभी कर्मचारियों को राजभाषा अनुभाग द्वारा पूरे पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया।



# एनसीएल ने ग्राम खरोरा में लगाया स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 सितम्बर।** एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय ने एनएसएसी निगमित सामाजिक दायित्व के तहत गत रविवार को ग्राम खरोरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान एनएससी से चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों की शिशु रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग, आँखों की जाँच इत्यादि की गयी एवं आवश्यक दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में 473 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया एवं 50 से अधिक लोगों को आगे उपचार के लिए नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत भेजा गया।

# त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाएं : शुक्ला

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टोरेट में आयोजित, पूजा-पण्डालों के पास साफ-सफाई की जाए

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 सितम्बर। आगामी आने वाले त्यौहरो नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली त्यौहरो को सौहार्द पूर्ण वातावरण में भाई चारे के साथ मनायें जाने के लिए कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं एसपी मनीष खत्री के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।**

बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यो का स्वागत करते हुये कलेक्टर ने कहा कि नव दुर्गा पूजन उत्सव, प्रतिमा विसर्जन चिन्हित घाटो पर ही किया जाये। पूजा पण्डालो की स्थापना संबंधित उपखण्ड अधिकारी के अनुमति से की जायेगी। समस्त आयोजन अनुमति प्राप्त कर स्थापना एवं विसर्जन किया जाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिमा स्थापना से विसर्जन तक की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयोजक की रहेगी। उन्होंने ननि आयुक्त को पूजा पण्डालो के आसपास पर्याप्त सफाई व्यवस्था के साथ-साथ प्रतिमा विसर्जन के लिए चिन्हित घाटो में



पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही प्रकाश व्यवस्था कराने के निर्देशित किया। बैठक के दौरान एएसपी अभिषेक रंजन, एसडीएम सृजन , राजेश शुक्ला, सीएसपी पीएस परस्ते, एसडोपी मोरवा पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, सौरभ मिश्रा, नंदन तिवारी, देवेन्द्र द्विवेदी समेत अन्य मौजूद रहे।

### प्रतिमा विसर्जन के लिए चिन्हित करें स्थल

कलेक्टर ने कहा कि एनसीएल या एनटीपीसी परियोजनाओ के भीतर प्रतिमा विसर्जन के लिए चिन्हित स्थलो पर संबंधित विभाग के प्रबंधक एवं ननि आयुक्त संयुक्त रूप से साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। वाही विजय दशमी का त्यौहरो रावण दहन का कार्यक्रम भी चिन्हित स्थलो पर ही किया जायेगा। चिन्हित स्थलो पर पर्याप्त प्रकाश की भी व्यवस्था की जायेगी। रावण दहन का सम्पूर्ण कार्यक्रम का समापन रात्रि 10 बजे तक किए जाने की व्यवस्था की जाये तथा दीपावली त्यौहरो पर जिन स्थलो पर मेले का आयोजन होता है, भीड़ अधिक होने की जहां संभावना होती है, ऐसे स्थलो पर भीड़ को नियंत्रित किए जाने के लिए संबंधित आयोजक एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट तथा पुलिस के अधिकारी संयुक्त कार्यवाही करे। वहीं एसपी ने भी आयोजको से त्यौहरो के आयोजन के दौरान सुरक्षा यातायात नियंत्रण अन्य पर राजस्व एवं पुलिस का सहयोग देने की अपेक्षा की।

CMYK